न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

प्रकरण संख्या 234/2025

हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज राजस्व विविध प्रार्थना संख्या : 234/2025 अनिता पत्नी डॉ. नगाराम मेघवाल जोधपुर बनाम राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार लूणी अन्तर्गत धारा 131 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
12-11-25	प्रार्थीया अनिता पत्नी डॉ. नगाराम मेघवाल सा. जोधपुर ने द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर ग्राम मोगड़ा कल्ला के खसरा संख्याा 219/21 व 219/20 की भू–नक्शा में तरमीम दुरूस्त करने का निवेदन किया गया है जिसके आधार पर तहसीलदार लूणी द्वारा पत्र कमांक भू.अ./2025/3035 दिनांक 07.10.2025 के द्वारा प्रार्थना पत्र की जांच रिपोर्ट अन्तर्गत धारा 131 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम की पेश की गई। प्रार्थना पत्र दर्ज किया गया। तहसीलदार लूणी की जांच रिपोर्ट के अनुसार ग्राम मोगड़ा कला के खसरा नंबर 219/21 रकबा 0.1619 हैक्टेयर अनिता पत्नी नगाराम मेघवाल के नाम इन्द्रजा ग्राम मोगड़ा कल्ला के नामा. सं. 1458 के जरिये राजस्व रैकर्ड में हुआ। बेचान दस्तावेज एवं मौका फर्द में दर्शाये अनुसार प्रार्थी मौके पर काबिज काश्त है। बेचान दस्तावेज एवं मौकानुसार पटवारी रिपोर्ट में अंकित नजरी नक्शा अनुसार तरमीम दुरस्त किया उचित बताया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अतः प्रार्थीया के प्रार्थना पत्र एवं तहसीलदार लूणी की रिपोर्ट अनुसार ग्राम मोगड़ा कल्ला के खसरा नंबर 219/21 की राजस्व रेकर्ड में तरमीम दुरूस्त करने की अनुशंषा किये जाने पर प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत तरमीम दुरूस्ती हेतु स्वीकार किया जाकर तहसीलदार लूणी को निर्देशित किया जाता है कि ग्राम मोगड़ा कल्ला के खसरा नंबर 219/21 की तरमीम राजस्व रेकर्ड में मौका एवं बेचान दस्तावेज तथा जांच रिपोर्ट के संलग्न नजरी नक्शे के अनुसार शुद्ध किया जाकर रेकर्ड दुरस्ती का अमल दरामद करें। आदेश सुनाया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। हंसमुख कुमार आर. ए. एस. सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी	